हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live & dkunews24
वर्ष : 04 अंक–113 : जौनपुर, सोमवार 20 जून 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## वाराणसी में 12 लाख 97 हजार का आर्थिक नुकसान : जेल में बंद प्रदर्शनकारियों से की जायेगी क्षतिपूर्ति

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में दो दिन पूर्व शुक्रवार को अग्निपथ योजना के विरोध में तोड़फोड़ करने वालों पर जिला प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रोडवेज और निजी सहित 36 वाहनों को प्रदर्शनकारियों ने क्षतिग्रस्त किया। जिला प्रशासन के अनुसार 12 लाख 97 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई। जिला जेल में बंद पांच जिलों के 27 उपद्रवियों से क्षतिपूर्ति की वसूली की जाएगी। यह सभी वाराणसी, गाजीपुर, मऊ, जौनपुर, आजमगढ़ के हैं। जिलाधिकारी ने इसका पूरा दावा प्रस्ताव 27 व्यक्तियों के नाम और सभी फोटो, वीडियो साक्ष्य सहित तैयार करा कर सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की वसूली के लिए गठित दावा प्राधिकरण प्रयागराज में भेज दिया है। गुप्त सूत्रों से जुटाई जा रही जानकारी 17 जून की घटना में जिन और व्यक्तियों की संलिप्तता सामने आएगी, उसके अनुसार वसूली के लिए और नाम दावा प्राधिकरण को भेजे जाएंगे। ऐसे व्यक्तियों की सूचना वाराणसी के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी कर्मचारियों और गुप्त सूत्रों से और अन्य जनपदों के अधिकारियों से जुटाई जा रही है। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा के अनुसार थाना सिगरा और जैतपुरा में गाजीपुर पचरुखवा, रेहरी मालीपुर, जौनपुर के नगोली, सैदखानपुर, गोबरा, बहरीपुर, लाल मझवार, भगरी व खवाजपुरा, आजमगढ़ के रासेपुर, मऊ के कुसवू व वाराणसी के हथियर, हजीपुर, मूढ़ादेव, देवराईदान, चोलापुर और गोसाईपुर से लोगों को निरुद्ध किया गया है। परिवहन निगम वाराणसी क्षेत्र एवं वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज की कुल 36 बसें, जिनमें से 21 बसें कैंट बस स्टेशन पर मार्ग पर प्रस्थान करने के लिए खड़ी थीं और 15 बसें जो कैंट बस स्टेशन से काशी (गोलगड्डा) कार्यशाला की ओर जा रहीं थीं। इन वाहनों को सिटी रेलवे स्टेशन की ओर से कैंट रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे 100–150 प्रदर्शनकारियों ने पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया था। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले किए जा रहे चिह्नित अग्निपथ योजना के विरोध में हिंसक प्रदर्शन और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वाले अब चिह्नित किए जा रहे हैं। उनसे नुकसान की पूरी वसूली होगी। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बताया कि हिंसक विरोध के दौरान जिन लोगों की गिरफ्तारी की गई है, उनसे पुलिस द्वारा पूछताछ की गई है। पुलिस ने जो जांच की है उस जांच के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध ग्रामीण थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई है। शहर में आकर उपद्रव करने वालों की सूची बनाई जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, थानाध्यक्षगण ने अपने– अपने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों और कोचिंग चलाने वालों के साथ बैठक कर उन्हें यह स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उनके गांव से कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था को अपने हाथ में न ले। सभी को अवगत कराया जा रहा है कि कोई भी हिंसक गतिविधियां न करें तथा सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान न पहुंचाएं अन्यथा ऐसे लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोग सरकारी नौकरियों से वंचित हो जाएंगे। यदि किसी को ज्ञापन देना है या लिखित पत्र देना है तो गांव में ही संबंधित अधिकारियों को शांतिपूर्वक दें। उनका ज्ञापन वहीं पर जाकर अधिकारी लेंगे। रोडवेज की बसों में तोड़फोड़ मामले में एक और मुकदमा अग्निपथ के विरोध में चौकाघाट और सिटी स्टेशन के पास रोडवेज बसों में तोड़फोड़ मामले में जैतपुरा थाने में एक और मुकदमा रविवार को दर्ज हुआ। जैतपुरा इंस्पेक्टर मथुरा राय के अनुसार सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक काशी डिपो की तहरीर के आधार पर सार्वजनिक संपत्ति नुकसान अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक काशी डिपो के मुताबिक बीते 17 जून को काशी डिपो की 5 बसें, चंदौली डिपो की एक बस, गाजीपुर डिपो की एक बस, काशी महानगर डिपो की 8 बसों में तोड़फोड़ की गई है। पुलिस सिटी रेलवे स्टेशन और चौकाघाट पानी टंकी के पास बसों में तोड़फोड़ करने वाले उपद्रवी युवकों को चिह्नित कर उनकी तलाश कर रही है। विरोध प्रदर्शन से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने की तैयारी अग्निपथ भर्ती योजना के विरोध की आड़ में हिंसक एवं गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होने वाले लोगों से कड़ाई से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी की है। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उप जिलाधिकारियों और क्षेत्राधिकारियों ने अपने–अपने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं अन्य गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर युवाओं को किसी के बहकावे में न आने की अपील की। रविवार को चोलापुर के हाजीपुर में 13, सुहलिया के 3, जगदीशपुर के 2, इस प्रकार कुल 24 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं, थाना चौबेपुर में आठ व्यक्तियों की खिलाफ, थाना लोहता अंतर्गत 8 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। चौबेपुर और चोलापुर थाने के अंतर्गत लगभग 130 लोगों को नोटिस जारी किया गया।

## सांसद मेनका संजय गांधी ने इसौली में चौपाल के माध्यम से जन समस्याओं का किया निस्तारण

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : सांसद मेनका संजय गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे के दूसरे दिन इसौली विधानसभा क्षेत्र के विनायकपुर टोला, मिठनेपुर, सरैया पूरे विसेन, मझना, बबुरी टिकरिया, कचनावां, कमोलिया, परवरभार, पलिया एवं कुतुबपुर समेत दर्जनभर ग्राम पंचायतों में जन चौपाल के माध्यम से जन समस्याओं का निस्तारण किया।इससे पूर्व श्रीमती गाँधी ने अपने नगर स्थित आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों की जनसमस्याओं का निस्तारण किया।सांसद मेनका संजय गांधी ने कचनावां में निर्मित हो रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। श्रीमती गांधी ने जन – चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि जबसे आपने मुझे सांसद बनाया है मैंने कोशिश की है कि जो भी आपकी मांगे हैं उनको मैं पूरा करूं।आपने दो किस्म की मांगे रखी।बड़ी मांगों में मेडिकल कॉलेज, नवोदय विद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज बन रहा है। किसान सहकारी चीनी मिल के लिए भी 600 करोड़ रुपए की मंजूरी मिल चुकी है। दो पुलिस स्टेशन धनपतगंज व बंधुआ कला में बन गए हैं। उन्होंने कहा 9 करोड़ रुपए की लागत से सतहरी झील का काम भी लगभग पूरा हो गया है। श्रीमती गांधी ने कहा अब तक लगभग 1000 करोड़ रुपए के विकास कार्य हो चुके हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों की मांग पर कहा की अलीगंज से कुड़वार सड़क 37 करोड़ की लागत से जल्द ही बनवाने की कोशिश करूंगी।उन्होंने कहा मैं चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के सभी लोग खुश रहें मैं हर 15 दिन में आती हूं सवेरे 7:00 बजे से काम शुरू करती हूं दो तीन सौ लोगों की शिकायतों को सुनकर गांवों का रुख करती हूं और लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान कराती हूं। उन्होंने बताया कि मैं अबतक लगभग 950 गांवों में जा चुकी हूं। इसौली विधानसभा के बबुरी टिकरिया गांव में पत्रकारों ने जब पूछा कि आप के सांसद बनने के बाद तीन वर्षों से जिले की बेटियां के विभिन्न क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही है पर सांसद मेनका संजय गांधी ने कहा कि सुल्तानपुर के लड़के लड़कियां बहुत–बहुत अकलमंद हैं बस हमको उनको मौका देना चाहिए ताकि वह जिंदगी में कुछ बन जाए।सांसद ने कहा बेटियां बेहद मेधावी हैं,कल घोषित हुए यूपी बोर्ड के परिणाम में सुल्तानपुर की दो छात्राओं के द्वारा प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में स्थान बनाने एवं सुल्तानपुर की प्रतिभा वर्मा व अरीबा नोमान के सिविल सेवा में चयनित होने से सुल्तानपुर की बच्चियों में बढ़ता हुआ जुनून महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने



कहा मैं बहुत गर्व से बोलती हूं कि सुल्तानपुर की लड़कियां वर्ल्ड चैंपियन बन सकती हैं।श्रीमती गांधी ने कहा शहर के सड़क चौड़ीकरण का कार्य आखिरी चरण पर चल रहा है। डिवाइडर भी बन रहा है शहर में जो पेड़ काटे गये थे उनकी जगह पर पेड़ लगाए जा रहे हैं। और सबसे अच्छी बात यह है कि एक बहुत सुंदर मंडी बन रही है और उस मंडी में जो ठेले वाले हैं उनके लिए बहुत इज्जत के साथ जगह दी जाएगी ताकि सुल्तानपुर के लोग एक जगह जाकर सब्जी और फल खरीद सकें। सांसद श्रीमती गांधी ने अंत में विकास भवन स्थित पुराना सभागार में नगर पालिका सभासद अधिकारी तथा वन विभाग के अधिकारियों के साथ 'सुखवन' के लिए समीक्षा बैठक भी की।बैठक के बाद श्रीमती गांधी ने सभासदों के साथ शहर के ठेलेवालों के लिए बन रही नवीन मंडी का निरीक्षण भी किया। आज विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिनिधि रणजीत कुमार, शशिकांत पांडे, प्रदीप शुक्ला,डीसी मनरेगा, बीडीओ दुबेपुर, मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह व नंद लाल पाल,राम बहादुर सिंह, प्रदीप यादव, प्रधान मनोज तिवारी व राम मूरत दुबे, रामखेलावन तिवारी, रविशंकर मिश्रा आदि मौजूद रहे। सांसद मीडिया प्रभारी विजय रघुवंशी ने बताया श्रीमती गांधी सोमवार को जयसिंहपुर विधानसभा के 1 दर्जन से अधिक गांव में जन – चौपाल को संबोधित करेंगी।श्रीमती गांधी आवास पर जनता दर्शन के बाद अमहट से गभड़िया तक लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे निर्माणाधीन डिवाइडर पर पौधरोपण का कार्यक्रम भी करेंगी। 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा निर्देशन में 320 अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा रहा है,15 अगस्त तक 200 सरोवरों के निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।' अमृत सरोवर योजना से जिले के 40 हजार मनरेगा मजदूरों को रोजगार मिला है।उन्होंने बताया कि प्रत्येक सरोवरों के निर्माण में 21 – 30 लाख रुपये खर्च किए जा रहे है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

### सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने योग शिविर का किया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अमृत योग सप्ताह के अंतर्गत ''करें योग, रहे निरोग'' मुहिम के तहत उर्दू बाजार स्थित घनश्यामदास बगीचा में महिलाओं एवं बच्चों के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका श्रीमती रजनी साहू ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग से न हम सिर्फ स्वयं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि योग द्वारा हम अपनी विभिन्न बीमारियों को दूर कर मन–मस्तिष्क को और भी मजबूत बना सकते हैं। संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि आज केवल एक दिन योगाभ्यास कर लेने से हमें बहुत लाभ नहीं होगा। आप लोग योग को अपने दिनचर्या में शामिल करके ही अपने शरीर को स्वस्थ बनाए रख सकते हैं। सखी सुजाता जायसवाल एवं विजय लक्ष्मी यादव ने योग शिविर आयोजन में विशेष सहयोग के लिए निवर्तमान लायंस क्लब अध्यक्ष सोना बैंकर एवं शुभ मंगलम डांस क्लासेज सहित उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभा साहू, उमा गुप्ता, पिंकी जायसवाल, सचिता बैंकर, लाल मुनी गुप्ता, अश्वनी बैंकर, संजीव कुमार साहू, अभिषेक गुप्ता, आशीष त्रिपाठी, अमन दबगरवाल, कन्हैया केशरवानी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## एसपी नार्थ व एडीएम प्रशासन शांति व्यवस्था बनाने हेतु रहे भ्रमण सील

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता अपने सहयोगी अधिकारियों कर्मचारियों के साथ उत्तरी



सर्किल में भ्रमण सील रह सुरक्षा व्यवस्था का तत्परता के साथ निगरानी करते रहें भ्रमण के दौरान मिलने वाले अग्नि वीर जवानों को अग्निपथ के बारे में बारीकी से बताएं कि अग्नि वीर जवानों को सेना में भर्ती होने के बाद क्या क्या लाभ मिलेगा अग्नि वीर जवानों को पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने कहा कि किसी प्रकार भी सार्वजनिक संपत्ति को क्षति ना पहुंचाएं सरकार आप के हित के लिए यह नियम लागू की है इस नियम का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद आप जवानों को भारत सरकार द्वारा सेना में भर्ती होने के बाद बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा विभिन्न सेना संगठनों में पुनः भर्ती होने पर 10: तक आरक्षण देने का कार्य किया जाएगा आयु सीमा में भी जवानों को छूट दी जायेगी किसी भी जवान को किसी भी प्रकार परेशान होने की जरूरत नहीं है सरकार आपके बेहतरी के लिए नया नियम लागू किया है। भ्रमण के दौरान क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज अजय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित सम्मिलित रहे।

## 85 प्रतिशत के साथ श्रुति ने किया इंटरमीडिएट पास

शाहगंज/जौनपुर पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : जौनपुर जनपद के एक स्वर्णकार समाज की बेटी ने इंटरमीडिएट में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन क्या है।परिणाम घोषित होने के बाद से ही बधाई देने वालो की लगी लाईन, हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल जौनपुर की इंटरमीडिएट छात्रा श्रुति वर्मा ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 85: अंक प्राप्त किया है। श्रुति वर्मा के पिता राजकुमार वर्मा ने बताया कि हमारी बिटिया पढ़ाई के प्रति हमेशा ईमानदारी और मेहनत करती है श्रुति का परिणाम देखकर हम सब का दिल खिल गया। इस मौके पर पहुंचे पन्नालाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जनकल्याण समिती के संस्थापक शिवा कुमार वर्मा तथा कोषाध्यक्ष ज्योति वर्मा ने माता रानी की प्रतिमा भेंट करके बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, श्रुति वर्मा ने हिंदी में 96,अंग्रेजी में 68,सोशलॉजी में 75, कंप्यूटर में 98, होम साइंस में 88, तथा 500 में से कुल 425 अंक प्राप्त किए, श्रुति



वर्मा ने बताया कि पढ़ाई में मेहनत के साथ–साथ स्मार्ट स्टडी की भी जरूरत पड़ती है। स्मार्ट स्टडी करने से एक उत्तर में कई प्रश्नों का हल हो सकता है,मै प्रतिदिन 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती हूॅ और आगे यूपीएससी की परीक्षा पास करके देश की सेवा करना चाहती हूॅ।इस अवसर श्रुति वर्मा के निवास स्थान पर रानी वर्मा, हिमांशु वर्मा, युवराज वर्मा,तुषार वर्मा, गोलू वर्मा समेत आदि लोगो ने पहुंचकर बधाइयां दी संस्थापक व अध्यक्ष शिवा कुमार वर्मा ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और बिटिया रानी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सैन्य अधिकारियों ने युवाओं को समझाई अग्निपथ योजना

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि अग्निपथ योजना की जानकारी समाज और युवाओं को देने के लिए जिला कन्नौज के पूर्व सैनिकों की मीटिंग कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम और एसपी के द्वारा बुलाई गई एडीएम और एएसपी ने भी सहभागिता की। देश की रक्षा चुनौतियों का ध्यान रखकर समय–समय पर परिवर्तन किया जाता है। डीएम एसपी एडीएम और मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर द्वारा इसकी आवश्यकता और उपयोगिता के बारे में बताया गया। परिवर्तन की प्रक्रिया के लिए गहन विचार किया गया साथ ही डीएम एसपी के द्वारा युवाओं को अपने अपने एरिया और ग्रामीण क्षेत्रों में समझाने में सहयोग के लिए कहा गया कि युवा किसी के बहकावे में आकर अपने देश की संपत्ति का नुकसान करने से बचें। अपनी बात शांतिप्रिय तरीके से अन्य कई माध्यमों से सरकार तक पहुंचाएं। अपने भविष्य की चिंता करें और भर्ती की तैयारी करें। कानून का सम्मान करें। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कन्नौज के पूर्व सैनिकों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित अग्निपथ के सहयोग के लिए डीएम को पत्र



दिया गया। साथ ही एक विश्वास दिलाया कि रक्षा हित में समस्त पूर्व सैनिक हमेशा सरकार और प्रशासन के सहयोग के लिए हमेशा तैयार हैं। मीटिंग में जिला के समस्त अधिकारी, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, भारतीय पूर्व सैनिक संघ के जिला अध्यक्ष , सभी ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्ष और लगभग 46 पूर्व सैनिकों ने मीटिंग में सहभागिता की।

## कासा ग्रीन्स एग्जोटिका रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : कासा ग्रीनस एग्जोटिका रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक 19 जून 2022 को कासा ग्रीन परिसर मे संपन्न हुई जिसमे सभी निवासियों ने बढ चढकर हिस्सा लिया । इस बैठक की शुरुआत समिति के कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक गतिविधियों के आर्थिक लेखा जोखा प्रस्तुत करने से हुई । इसके पश्चात कार्यकारिणी के अध्यक्ष राकेश कुमार शुक्ल एवं सचिव नीलाभ कृष्ण ने



वर्ष भर मे हुई गतिविधियों पर संतोष जताते हुए सभी को बताया कि एसोसिएशन का गठन रेरा नियमों के तहत किया गया है, तथा सोसाइटी के हैंडओवर की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिसमे बिल्डर की तरफ से उचित सहयोग न मिलने की वजह से देरी हो रही है । उन्होने यह भी बताया कि शासन व प्रशासन का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है जिससे उम्मीद है कि सोसाइटी का हैंडओवर जल्द ही रेजिडेंट एसोसिएशन को मिल सकेगा। कार्यकारिणी के सदस्य के चुनाव हेतु विशेष रूप से चुनाव समिति का गठन किया गया, जिसने सुचारू रूप से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराया । चुनाव के सुचारु संचालन के लिए आवासीय परिसर के सभी लोगों ने चुनाव समिति के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया । मतगणना के पश्चात नीलाभ कृष्ण, मुकेश सेठ,विवेक मिश्र, राकेश कुमार शुक्ल, विजय कुमार, कमल किशोर,आनंद वर्धन त्रिपाठी, दिग्विजय सिंह एवं सुजीत द्विवेदी को कार्यकारिणी समिति का सदस्य निर्वाचित किया गया।

## जीजीआईसी की हाई स्कूल होनहार छात्रा वैष्नवी पाण्डेय ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित जिले का किया नाम रोशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) की दसवीं कक्षा की होनहार छात्रा वैष्नवी पाण्डेय पुत्री ब्रिजेश कुमार पाण्डेय ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय को गौरवान्वित करने के साथ ही साथ जिले का मान बढ़ाया, होनहार छात्रा वैष्नवी ने बताया की मेरी सफलता के पीछे मेरे गुरुजनों सहित परिजनों का आशीर्वाद प्राप्त होता रहा जिसमें मेरी मेहनत और लगन और सभी का आशीर्वाद का नतीजा जो आप सभी के सामने है, वैष्नवी पाण्डेय द्वारा 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने की इस खुशी के शुभ अवसर पर अनेको बुद्धिजीवियों सहित शुभचिंतकों द्वारा होनहार छात्रा वैष्नवी को आशीर्वाद देते हुए मुंह मीठा कराया गया, इस शुभ अवसर पर वैष्नवी ने अपने दादा सहित सभी परिजनों का ढेर सारा आशीर्वाद प्राप्त किया, इस शुभ अवसर पर होनहार छात्रा वैष्नवी के दादा डा. यमुना शंकर पाण्डेय ''प्रकाश'' बड़े पिता डा. के. के. पाण्डेय मेडीकल आफिसर सदर अस्पताल



जौनपुर, पिता ब्रिजेश कुमार पाण्डेय जिला लाइब्रेरियन जौनपुर, चाचा डा. ए. के. पाण्डेय मेडीकल आफिसर सहित सभी परिजनों ने आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## अनुसचिवीय अधिष्ठान संघ प्रमुख अभियन्ता कार्यालय सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जायज मांगो को लेकर किया गया प्रदर्शन

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : अनुसचिवीय अधिष्ठान संघ प्रमुख अभियन्ता कार्यालय सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा अपनीं जायज मांगो को लेकर विभागाध्यक्ष सिंचाई विभाग प्रमुख अभियन्ता से वार्ता आयोंजित कर कर्मचारी समस्याओं के समाधान करानें का अनुरोध किया गया, जिसके क्रम में संगठन द्वारा दी गई नोटिस/सूचना का संज्ञान न लेने के कारण पूर्व निधारित कार्यक्रम के अनुसार संगठन द्वारा कर्मचारी हित में धरना प्रदर्शन इत्यादि कार्यक्रम किया गया किन्तु प्रमुख अभियन्ता सिंचाई विभाग के तानाशाही रवैये के कारण संगठन से वार्ता कर कर्मचारियों की जायज मांगो पर विचार न किये जाने से नाराज कर्मचारियों ने आज प्रमुख अभियन्ता सिंचाई विभाग के कार्यालय परिसर में बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय के अनुसार अगली रणनीति तय की जायेगी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
इस धरा का, इस धरा पर, सब धरा रह जायेगा।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# भारतीय जनता पार्टी सदैव समाज सेवा और जनकल्याण कार्यक्रमों के लिए सक्रिय –रजनी तिवारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज आवास विकास कॉलोनी में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने अपने जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, निदेशक पीसीएफ यूपी रामबहादुर सिंह, भाजपा महामन्त्रीगण अजीत सिंह बब्बन व सत्येन्द्र सिंह राजपूत, रामसनेही मिश्रा, राजेन्द्र मिश्रा, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता, वेदराम राजपूत, डॉ.दीपक मिश्रा, रामदास गुप्ता, ब्लॉक प्रमुखगण श्री त्रिपुरेश मिश्रा, श्याम बाबू त्रिवेदी व कुशी बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्यजन व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इससे पूर्व शेखर चौरिटेबिल क्लीनिक का उद्घघाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेश अग्रवाल, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी,विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता,पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने कहा कि डॉ सोम शेखर दीक्षित का चिकित्सा और शिक्षा के लिये सराहनीय और महत्वपूर्ण योगदान है ।उनके इस योगदान से शाहाबाद को विशेष लाभ मिला है ।इसी क्रम में शाहाबाद में नये क्लीनिक की स्थापना सभी तरह के लोगों के लिए सेवा का माध्यम बनेगा ।श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में विभिन्न हितकारी योजनाएं चला रही है जिससे समाज के प्रत्येक तबके को लाभ मिल रहा ।साथ ही वे हरदोई जनपद के लिये विकास हेतु सदैव प्रयासरत रहे है ।विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंची उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि यह शाहाबाद के लोगों के लिए चिकित्सा क्षेत्र में डॉ शेखर की क्लीनिक एक बड़ी सौगात है जिसका लाभ पूरे क्षेत्रवासियों को मिलेगा ।डॉ शेखर ने सदैव शाहाबाद के लिये परोपकार की भावना से कार्य किया है ।उनका जनहित में कार्य सदैव यादगार रहा है ।उन्होंने डॉ शेखर से शाहाबाद में एक बड़े अस्पताल की स्थापना की सलाह दी जिसके माध्यम से लोगो को बड़ी सुविधा मिल सके ।विशिष्ठ अतिथि सवायजपुर विधायक मानवेंद्र सिंह रानू ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों परोपकार की श्रेणी में आते है और डॉ शेखर का यह कदम सराहनीय है उन्होंने सदैव मानव सेवा की है ।उन्होंने कहा डॉक्टर और शिक्षक दोनों समाज मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है और डॉ शेखर दोनों रूपो में सुविधा देकर समाज को सेवा देने का पुनीत कार्य कर रहे है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ सोम शेखर दीक्षित ने कहा कि उनका मकसद समाज की सेवा करना है और उसके लिये उन्होंने मनुष्य की आधारभूत जरूरत स्वास्थ्य और शिक्षा को सुधारने का बेड़ा उठाया ।इसके लिये वे हर सम्भव प्रयास से चिकित्सा और शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत है ।उन्होंने कहा की शाहाबाद अभी चिकित्सा क्षेत्र में पिछड़ा है और वे चाहते है कि शाहाबाद को



अच्छी सेवाएं दी जा सके ।इसके लिये अभी शुरुआत की जा रही है और आगामी समय मे बड़े स्तर पर किफायती स्वास्थ्य सेवाये देने का प्रयास रहेगा ताकि क्षेत्रवासियों को पैसा और समय बर्बाद करने से बचाया जा सके ।वे स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ करेंगे जिससे आगे परिणाम और बेहतरीन होंगे ।उन्होंने उम्मीद जाहिर करते हुए कहा कि नया क्लीनिक योग्य डॉक्टर्स की सेवाओं से बेहतर चिकित्सिय सुविधा दे सकेगा ।इलाज हेतु सभी प्रकार के आधुनिक उपकरण भी लगाए जाएंगे ।और जरूरतमंदों को सस्ता सुलभ इलाज सम्भव होगा ।कार्यक्रम की संचालन करते हुए डॉ सुरेश चंद्र मिश्रा ने करते हुए कहा कि किसी दूसरे की सेवा से बढ़ कर कोई धर्म नही है ।इसलिये अस्पताल और स्कूल की स्थापना से सेवा का अवसर मिलता है और इसका कोई मोल नही है ।कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जलन और सरस्वती बंदना से किया गया ।कार्यक्रम को पूर्व चौयरमैन कमलाकांत बाजपेई,पूर्व प्रधानाचार्य करुणाशंकर शुक्ला,डॉ शुभा दीक्षित,प्रखर दीक्षित,मनु शुक्ला,ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा आदि ने भी संबोधित किया ।इस मौके पर जिला व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक नवनीत गुप्ता डॉ विनय गुप्ता,सतेंद्र राजपूत,डॉ अमित पाठक,डॉ श्री प्रकाश,शशि शेखर दीक्षित,रामसनेही मिश्रा,डॉ अभिषेक,नरेंद्र त्यागी,देवेश बाजपेई,नलिन गुप्ता,विकास मौर्य आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# मानवाधिकार जनसेवा परिषद ने मनाया अमृत योग सप्ताह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मनाए जा रहे अमृत योग सप्ताह के अन्तर्गत मानवाधिकार जनसेवा परिषद के सदस्यों ने भारतीय योग संस्थान व डेली इंसाइडर के तत्वावधान में योग किया। मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री अपर्णा यादव, किशोर चतुर्वेदी व अन्य लोगों ने योग गुरु कृष्ण दत्त मिश्र के निर्देशन में जनेश्वर मिश्र पार्क में योग किया। इस अवसर पर किशोर चतुर्वेदी ने योग पर एक गीत भी प्रस्तुत किया। योग में मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा, सुश्री आशा सिंह, सुधा सिंह, रेनू तिवारी, राजेन्द्र सोनी सपत्नीक योग में शामिल रहे।

# पुलिस ने तमंचे सहित एक युवक को किया गिरफ्तार

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी शाहाबाद विशाल यादव के कुशल नेतृत्व में सोमवार को पाली थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील दत्त कौल की टीमध्चेकिंग अग्निपथ ड्यूटी के दौरान उपनिरीक्षक नीरज कुमार मय हमराह हेडकांस्टेबल शमीम बाबर,कांस्टेबल मोहित वन, कांस्टेबल देवेंद्र सिंह द्वारा एक व्यक्ति को भरखनी नहर पुलिया के पास से एक अदद देशी तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मु0आ0सं0 230/22 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करके न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रभारी निरीक्षक सुनील दत्त कौल ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त रिंकू सिंह उर्फ राजकुमार



(38)पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भरखनी थाना क्षेत्र पाली का एक हिस्ट्रीशीटर व्यक्ति है ।जिसे आज सोमवार को चेकिंग के दौरान एक अदद देशी तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस 325 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त रिंकू सिंह उर्फ राजकुमार को शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

# चलती एंबुलेंस में लगी आग : सिपाही ने बचाई 3 लोगों की जान

आगरा ब्यूरो : ताजनगरी आगरा में सोमवार सुबह रामबाग चौराहे के पास चलती एंबुलेंस में आग लगने से अफरा–तफरी मच गई। एंबुलेंस में चालक और दो कर्मचारी फंस गए। इस दौरान पीआरवी पर तैनात सिपाही ने सूझबूझ से काम लिया, जिसके चलते एंबुलेंस सवार ड्राइवर और दोनों कर्मचारी को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। खंदौली के नंदलालपुर में एंबुलेंस वर्कशॉप से लेडी लॉयल हॉस्पिटल जा रही थी। रामबाग चौराहे पर डिवीजन चौकी के सामने एंबुलेंस में अचानक आग लग गई, जिससे चालक अविनाश और कर्मचारी अनुराग और संदेश घबरा गए। इस दौरान पीआरवी पर तैनात सिपाही राहुल यादव ने सूझबूझ से काम लिया। तीनों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद चौकी



में लगी समरसेबल के पाइप से एंबुलेंस में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। वहीं घटना को देख मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ राहगीरों ने वीडियो बना लिया, जो वायरल हो रहा है।

# छत से गिरने से घायल व्यक्ति की हुई मौत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महेलिया खेड़ा में छत से गिरने से 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के ग्राम महेलिया खेड़ा निवासी संजय पुत्र रामप्रसाद उम्र 42 वर्ष परिवार के साथ दो मंजिला मकान की छत पर सो रहा था। शनिवार व रविवार की रात्रि लगभग 1:00 संजय पेशाब करने के लिए उठा। वह जैसे ही पेशाब के लिए नीचे उतर रहा था अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे एक मंजिला छत पर जा गिरा। छत पर गिरने से संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। छत पर रेलिंग न होने के कारण घटना घटित हुई है। परिजनों ने घायल संजय को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया। जिला अस्पताल से भी संजय को मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर किया गया। रात लखनऊ ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गई। मौत की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक नरेंद्र सैनी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मृतक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के मामले में एसएसपी ने एसआई को किया निलंबित

अयोध्या ।(डाक्टर अजय तिहारी जिला संवाददाता) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने जिले के कोतवाली बीकापुर के उपनिरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह को लापरवाही बरतने के चलते निलंबित कर दिया ।पुलिस अधिकारियो के मुताबिक उन्हें कार्य में लापरवाही के चलते उन्हें निलंबित किया गया है ।वही इसकी इसकी पुष्टि बीकापुर कोतवाल सुमित कुमार श्रीवास्तव द्वारा की गई है ।सूत्र के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गुंधौर गांव में युवक की हत्या के बाद आक्रोशित लोगों द्वारा पुलिस टीम पर हमले और तोड़फोड़ उपद्रव करने के मामले में एक मृतक द्वारिका प्रजापति निवासी बासुदेवपुर का नाम भी आरोपियों की सूची में शामिल हो गया था ।सूत्र के मुताबिक आरोपी बनाए गए द्वारिका प्रजापति की 27 वर्ष पूर्व 1995 में बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। गुंधौर गांव निवासी करीब 25 वर्षीय युवक अर्जुन यादव की 7 जून को हुई हत्या के बाद 8 जून को पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव गांव आने पर ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प और बवाल हुआ था ।इस मामले में कोतवाली के उप निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा उपद्रव करने के आरोप 28 नामजद और 50 अज्ञात के विरुद्ध जानलेवा हमला सहित गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी ।जिसमें मृतक द्वारिका प्रजापति का नाम भी शामिल था। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व मीडिया द्वारा खबर उजागर करने के बाद हरकत में आई कोतवाली पुलिस द्वारा विवेचना में मृतक का नाम आरोपियों की सूची से हटा दिया गया है।

# निष्ठा यादव ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर अयोध्या जिले में प्रथम और प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त कर किया जिले का नाम रोशन

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या )उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शनिवार को दोपहर दो बजे हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है ।सूत्र के मुताबिक निष्ठा यादव ने अयोध्या जिला की टॉपर रहीं। 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर निष्ठा ने जिले का मान बढ़ाया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय माता– पिता और बड़ी दीदी को दिया है ।अयोध्या के कौशलपुरी कॉलोनी में निष्ठा यादव पिता राजेंद्र प्रसाद माता किशन देवी और बड़ी बहन निधि के साथ रहती है। वे शहर स्थित कनौसा कांवेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज में पढ़ाई करती है ।शनिवार दोपहर यूपी बोर्ड के हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही निष्ठा के घर में खुशी की लहर दौड़ी पड़ी। निष्ठा ने 10वीं में प्रथम और प्रदेश में 10 वां स्थान हासिल किया। उन्होंने 10वीं में 600 में 576 अंक प्राप्त किया है। पिता राजेंद्र प्रसाद जिले में सहकारी और पंचायत विभाग में अधिकारी के पोस्ट पर तैनात है। निष्ठा ने इस उपलब्ध का श्रेय माता पिता के साथ बड़ी दीदी और गुरुजनों को दिया है ।निष्ठा यादव ने पत्रकारों से खास बातचीत के दौरान बताया कि उनका सपना डाक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि इसके लिए वे कठिन मेहनत के साथ पढ़ाई कर रही है।



उन्होंने बताया कि इस मुकाम तक बड़ी दीदी निधि के सहयोग से प्राप्त किया है। निष्ठा ने बताया कि कठिन मेहनत और संकल्प के साथ यदि मेहनत कर पढ़ाई किया जाए तो हर लक्ष्य की प्राप्ति किया जा सकता है। निष्ठा ने हिंदी में 089/100 अंग्रेजी में 097/100, गणित में 098/100, विज्ञान में 097/100 सामाजिक विज्ञान में 098/100 और कला में 097/100 प्राप्त किया है ।अयोध्या जिले में यूपी बोर्ड में की 10वीं में 36677 बच्चो ने पंजियन कराया था, जिसमें 34043 छात्र–छात्राओं ने परीक्षा दिया था, इसमें 29183 बच्चों ने 10वीं की परीक्षा पास किया है। जिले का औसत रिजल्ट 85.72 प्रतिशत रहा है।

# न्यायालय के आदेश पर दुष्कर्म करने सहित अन्य धाराओं में आरोपी के ऊपर केस दर्ज

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के हैदरगंज थाना क्षेत्र में एक गांव में शादी का झांसा देकर 2 वर्षों तक युवती से यौन शोषण दुष्कर्म करने, गाली गलौज और धमकी देने के आरोप में हैदर गंज थाने की पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर दुष्कर्म करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है ।सूत्र के मुताबिक हैदरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित युवती का आरोप है कि उसके गांव के निवासी आरोपी कृष्ण कुमार यादव द्वारा पिछले 2 वर्षों से शादी का झांसा देकर उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन शारीरिक संबंध बनाया जाता रहा ।उसके मना करने पर आरोपी कृष्ण कुमार यादव द्वारा आश्वासन देकर कहा जाता था कि वह उससे शादी करेगा और पत्नी के रूप में रखेगा ।पीड़ित के मुताबिक लोक लज्जा के कारण उन्होंने घर पर अपने माता–पिता से कुछ नहीं बताया ।इधर 2 माह पूर्व 25 फरवरी 2022 को उन्होंने कृष्ण कुमार यादव से कहा कि अब तुम उससे शादी कर लो जिससे हम लोग आराम से जिंदगी बिता सकें ।शादी की चर्चा करते ही आरोपी कृष्ण कुमार यादव ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए कहा कि वह उससे शादी नहीं करेगा ।अपनी शादी जाति बिरादरी में करेगा तुम्हें जो करना हो कर लो। उसने काफी मिन्नतें किया लेकिन कृष्ण कुमार यादव ने उसकी बात नहीं माना। इसी दौरान उसके पिता ने उसकी शादी दूसरी जगह सुल्तानपुर जनपद के कूरेभार धनपतगंज क्षेत्र में 22 अप्रैल 2022 को कर दिया। शादी के बाद 23 अप्रैल 2022 को मायके से विदा होकर जब वह ससुराल पहुंची तो उसी दिन रात में लगभग 9 बजे आरोपी कृष्ण कुमार यादव अपने कुछ मित्रों के साथ उसकी ससुराल पहुंचा और वहां हंगामा कर दिया ।उसको भद्दी भद्दी गालियां दिया और ससुराल वालों से कहा कि यह मेरी रखैल है इसका उससे आंतरिक संबंध है। उसके ससुराल वालों द्वारा आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन आरोपी गाली और धमकी देते हुए अपने मित्रों के साथ मौके से फरार हो गया। घटना के अगले दिन 24 अप्रैल को उसके ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा उसके पिता को बुलवाकर आरोपी द्वारा किए गए हंगामे और हरकतों से अवगत कराया गया। तथा उसके पति ने उसको ससुराल से निकाल दिया। जिसके कारण उसकी शादी टूट गई और उसका जीवन तबाह हो गया। अभी भी आरोपी कृष्ण कुमार यादव द्वारा धमकी दी जा रही है। घटना के बाद उन्होंने 25 अप्रैल को हैदर गंज थाने में तहरीर दिया लेकिन विपक्षी के दबाव में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही ना करने से 30 अप्रैल को उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई ।पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही ना करने से उनके द्वारा न्यायालय में फरियाद की गई। न्यायालय के आदेश के बाद हरकत में आई हैदरगंज पुलिस द्वारा आरोपी कृष्ण कुमार यादव के विरुद्ध धारा 376, 504 एवं 506 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत करके पुलिस अभिरक्षा में 17 जून शुक्रवार को पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर भेजा गया।

## जिलाधिकारी जौनपुर ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने हेतु कराया पूर्वाभ्यास

जौनपुर सू.वि. : अमृत महोत्सव के तहत देश के पचहत्तर ऐतिहासिक स्थलों पर आयोजित हो रहे विशेष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में एक शाही किला में योगाभ्यास के प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास सोमवार को प्रातः कालीन सत्र में किया गया। एडिशनल डायरेक्टर डॉ0 आमिय चन्द्रा और उप सचिव वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भारत सरकार विनोद कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके प्रोटोकॉल का शुभारंभ हुआ। अमृत सप्ताह के अन्तर्गत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और मुख्य विकास अधिकारी सीलम साईं तेजा के नेतृत्व में जनपद के विशिष्ट ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों पर निरन्तर योगाभ्यास के प्रोटोकॉल का अभ्यास हो रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व दिवस पर ऐतिहासिक स्थल शाही किला में आयोजित पूर्वाभ्यास में गणमान्य आम नागरिकों के साथ केन्द्र और राज्य सरकार के विशिष्ट अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके योगाभ्यास के प्रोटोकॉल का शुभारंभ हुआ। पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी अचल हरीमूर्ति के दिशा निर्देशन में योग शिक्षकों के द्वारा प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास किया जाता है। श्री हरीमूर्ति के द्वारा प्रोटोकॉल के तहत सर्वाइकल, स्पोंडलाइटिस, कमर, रीढ़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याओं से समाधान से समाधान हेतु सरल व्यायामों का अभ्यास कराया गया, इसके अतिरिक्त खड़े होकर, बैठकर, पेट और पीठ के बल लेटकर किये जानें वाले आसनों का भी अभ्यास होता है। मनोदैहिक स्वास्थ्य पर प्राणायामों का



विशेष प्रभाव पड़ता है इसलिए प्रोटोकॉल में सम्मिलित सभी प्राणायामों के साथ ध्यान का अभ्यास कराते हुए योगाभ्यास को मानवता के कल्याण के लिए जन जन तक पहुंचानें का संकल्प लेते हुए राष्ट्रगान के साथ प्रोटोकॉल के अभ्यास का समापन हुआ। इसीक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के डा0 गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में अमृत माह के अन्तर्गत प्रोटोकॉल के अभ्यास का शुभारंभ टीडी इन्टर कालेज से शुरू हुआ, जिसके बाद से निरन्तर सभी ब्लाक संसाधन केन्द्रों के शिक्षकों को और समस्त विद्यालयों में बच्चों को योगाभ्यास के प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जा रहा है। इसी क्रम मे उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय जौनपुर भवन परिसर में शिविर में कॉमन योगा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए समस्त छात्र छात्राओं सहित चिकित्सक, शिक्षक और अन्य कर्मचारीगणों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ० कमल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रामदरश यादव, पतंजलि परिवार के सदस्य एवं स्थानीय लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। योग शिविर में प्रशिक्षक आंचल हरिमूर्ति, श्री विकास यादव, सुप्रिया सिंह एवं कुलदीप द्वारा योग क्रिया संपन्न

# अयोध्या में सुबह हुई हल्की बारिश से सुहावना हुआ मौसम : लोगों को गर्मी से मिली कुछ राहत

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या में सोमवार सुबह हुई हल्की बारिश ने एक बार फिर मौसम को खुशनुमा कर दिया ।आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश के चलते गर्मी से राहत मिली ।वही मौसम विभाग के मुताबिक सुबह के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की कमी व अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया ।मौसम विभाग के अनुसार प्री–मानसून के चलते मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है ।राम नगरी में सोमवार सुबह आसमान में बादल छाने से साथ हल्की बारिश हुई। सुबह 6 बजे हुई बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। मौसम में हुए अचानक बदलाव ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी। जिले का मौसम बेहद सुहाना हो गया है ।मौसम विभाग के अनुसार अभी पूर्वी उत्तर प्रदेश में मानसून सक्रिय नहीं हुआ है। प्री मानसून के चलते मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है ।आज सुबह सूर्योदय के समय वाराणसी का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि रविवार को अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 1 .डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है ।न्यूनतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है ।आचार्य नरेंद्र देव कृषि प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के के मौसम वैज्ञानिक प्रोफेसर अमर नाथ मिश्र ने बताया कि यह हवा पश्चिम से आ रही है। वहां से थोड़ी–बहुत नमी ला रही है ।वहीं, मानसून वाली बारिश पुरवा हवा से होती है और मानसून अभी उत्तर बिहार में ही अटका हुआ है ।मानसून 25–26 जून तक मानसून आ सकता है। वह बारिश काफी जोरदार होगी।

# कान्हा गौशाला का उपनिदेशक नगर विकास रश्मि सिंह ने किया निरीक्षण

आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा। उपनिदेशक नगर विकास ने नगर पंचायत द्वारा संचालित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पशुओं के रखरखाव खानपान के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। नगर पंचायत खरगूपुर स्थित कान्हा गौशाला का उपनिदेशक



नगर विकास रश्मि सिंह ने निरीक्षण किया । यहां 85 गोवंश मौजूद मिले । यहां पहुंचने के बाद उन्होंने गोवंश को गुड एवं केला खिलाया। उपनिदेशक रश्मि सिंह ने गोबर गैस प्लांट जिससे बिजली उत्पाद किया जा रहा है उसे भी देखा और गौशाला की साफ सफाई के साथ पशुओं के रखरखाव तथा उनके खानपान की भी जानकारी ली। यहां पशुओं के लिए भूसा हरा चारा तथा पशु आहार पर्याप्त मात्रा में पाया गया। उन्होंने सरकार के मंशा के अनुरूप पशुओं के रखरखाव एवं उनके बीमार होने पर उपचार की व्यवस्था प्राथमिकता के तहत किए जाने का निर्देश दिया। कान्हा गौशाला निरीक्षण के उपरांत उपनिदेशक श्रीमती रश्मि सिंह ने यहां की व्यवस्था देखने के उपरांत अधिशासी अधिकारी राजन गुप्ता एवं नगर पंचायत कर्मियों के प्रति संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोंडा संजय मिश्रा अधिशासी अधिकारी परसपुर उपेंद्र उपाध्याय डीपीएम नीतीश राठौर चंद्र प्रकाश शुक्ला संदीप मिश्र विपिन पांडे भी मौजूद रहे।

## जमानत राशि वापस प्राप्त किए जाने हेतु संलग्नक तीन दिवस में करायें उपलब्ध : उप जिला निर्वाचन अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में चालान जमा करने के पश्चात जमानत धनराशि वापस लेने वाले ग्राम अढ़नपुर पोस्ट जमालापुर मड़ियाहूं संजय सिंह, जगदीशपुर अकबर थाना सरायख्वाजा अंजली, केड़वाली मड़ियाहूं मुकेश सिंह, सरायकेवट पोस्ट खुज्झी डीह राजेंद्र बहादुर, ग्राम उतेजपुर शंभूगंज सिकरारा संतोष कुमार, चिरईगांव वाराणसी देवेंद्र कुमार मौर्या, पो0 जमैथा जौनपुर दीपक, नारायणपुर पोस्ट मधुबन जनपद मऊ संतोष, नाथूपुर टिकरा पवारा मछलीशहर जयप्रकाश पटेल, ग्राम लोरिका मड़ियाहूं दशरथ, ग्राम कोकारी देवाकलपुर केराकत धरम, 168 दहिलामऊ दक्षिणी तहसील सदर जनपद प्रतापगढ़ विनय कुमार दुबे, ग्राम व पोस्ट बैजापुर बृजेश, अनीता पत्नी संतोष, राजेश, सतेंद्र द्वारा नामांकन करने हेतु जमानत के रूप में जो धनराशि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 द्वारा जमा की गई थी परंतु नामांकन नहीं किया गया था जिसके कारण जमानत राशि वापस प्राप्त किए जाने हेतु जमा जमानत की राशि (चालान), बैंक पासबुक की छाया प्रति एवं प्रार्थना पत्र को तीन दिवस के अंदर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उपलब्ध कराएं, जिससे की जमानत धनराशि वापस किए जाने हेतु अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।